23.	पश्चिम बंगाल	128
24.	अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह	2
25.	दादर व नगर हवेली	1
26.	दमन व द्वीव	1
27.	लक्षद्वीप	5
	कुल (अखिल भारत)	2448

गांवों के लिए व्यावहारिक प्रौद्योगिकी की उपयोगिता

6538. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अनुसंधान संस्थानों की सहायता से विकसित की गई अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी गांवों के लिए भी उपयोगी है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस प्रौद्योगिकी को ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए कोई उपाय किये गये हैं;

(ग) क्या सरकार ने उक्त प्रौद्योगिकी को गांव तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को सहायता तथा मार्गदर्शन दिये जाने का कोई निर्णय लिया है; और

(घ) मध्य प्रदेश सरकार को ग्रामीण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई सहायता और राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इस प्रौद्योगिकी का विस्तार किये जाने का ब्यौरा क्या है?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी): (क) से (ग) जी, हां। राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद/विभागों और स्वैच्छिक एजेंसियों के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने अनुसंधान संस्थानों की मदद से विकसित की गई प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्गों के लाभ के लिए प्रदर्शन कार्यक्रम उत्प्रेरित किए हैं।

(घ) यद्यपि मध्य प्रदेश सरकार को ग्रामीण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट सहायता प्रदान नहीं की गई है, तथापि उपर्युक्त प्रौद्योगिकियों का विस्तार करने वाली परियोजनाओं/कार्यक्रमों को स्वयंसेवी संगठनों एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों के माध्यम से सहायता दी जा रही है और कार्यान्वित किया जा रहा है।

Products Developed by CFTRI, Mysore

6539. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what are the new products developed by the Central Food Technological Research Institute (CFTRI), Mysore for commercial exploitation during 1992-93, 1993-94 and 1994-95;

(b) how many products have been developed so far and how many of them have been available for commercial exploitation;

(c) how many of them are patented; and

(d) whether the C.F.T.R.I. has transferred its technology to any other country, if so, the names of the countries?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF ATOMIC ENERGY SPACE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): (a) New processes for products developed by Central Food Technological Research Institute, Mysore in the years 1992-93, 1993-94 and 1994-95 are indicated in the statement; *(see* below)

(b) Over the years, CFTRI has developed around 300 processes for products of which around 250 are available for commercial exploitation; the remaining processes/products need further work before they could be made available for commercial exploitation.

(c) Forty eight (48) processes are covered by patents;

(d) CFTRI has transferred its technologies to Malaysia & Nepal for

spice oleoresins and to Myanmar for miltone and fruit juice concentrate.

Statement

New Processes for Products Developed over the Past Three Years

1992-93

1. Carrot juice beverage and Ready to Serve formulation
2. Quick test kit for free fatty acids
3. Mosquito repellent herbal coil.
4. Premix for baked foods such as (a) Sweet and fruit bread (b) Sweet biscuits and (c) Cookies
5. Formulations for Varieties of bread
6. Variety of traditional Heat & Eat/ Ready To Cooksmeat and poultry products such as Kabab, Chicken sandwich, curry, biryani etc.
7. Variety of dehydrated instant gravy/ curry mixes

1993-94

1. Plant growth promoter n-triacontanol: modified process
2. Phosphine indication paper
3. High fibre bisuits
4. Cardamom flavoured biscuits
5. Doughnut mix
6. Ethanol production using osmotolerant strain of S. cerevisiae

1994-95

1. Oyster mushroom culture and production of spawn
2. Commercial production of oyster mushrooms-rural & urban models
3. Dehydration of oyester mushrooms
4. Lipid emulsion
5. Doughnut mix combinations
6. Biscuits incorporating sunflower seed, grits and wheat germ
7. Spice mixes for sambar and rasam
8. Thermally sterilised balck pepper: modified process
9. Juice concentrate and ready to serve formulation from Amla

हिमाचल प्रदेश में भूकंपीय वेधशालाओं की स्थापना

6540. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिमाचल प्रदेश तथा उसके साथ लगने वाले राज्यों में, इनके भूकम्प प्रवण क्षेत्र होने के नाते अद्यतन प्रौद्योगिकी से युक्त भूकंपीय वेधशालाएं स्थापित करने की कोई योजना बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार के केन्द्र कहां-कहां तथा कब तक स्थापित किए जायेंगे?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी): (क) तथा (ख) इस समय भारत विज्ञान विभाग कल्पा स्थित राष्ट्रीय नेटवर्क की एक वेधशाला के अतिरिक्त भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड (बी०बी०एम०बी०) से प्राप्त वित्तीय सहायता से हिमाचल प्रदेश में 6 भूकम्पी वेधशालाओं वाले एक नेटवर्क का संचालन कर रहा है। इनके अतिरिक्त 23 भूकम्पी स्टेशनों जिन्हें, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित भूकम्पीय कार्यक्रम के अधीन सहायता दी जाती है, हिमाचल प्रदेश तथा गढ़वाल हिमालय में मुख्यतः अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए भूकम्प संबंधी डाटा प्रदान कर रहे हैं। आठवीं योजना अवधि में, दो दूरभापी भूकम्पी व्यूहों को कांगड़ा (हि०प्र०) तथा पिथौरागढ़ (उ०प्र०) में स्थापित करने का प्रस्ताव है।

हिमाचल प्रदेश में बड़ा भूकम्प होने की संभावना

6541. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि कुछ माह पूर्व अमरीका से प्रकाशित एक प्रमुख पत्रिका में हिमाचल प्रदेश तथा इसके साथ लगने वाले क्षेत्रों में निकट भविष्य में एक बड़े भूकम्प के घटने की भविष्यवाणी/चेतावनी दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस भविष्यवाणी/चेतावनी को ध्यान में रखते हुए क्या कदम उठाए गए हैं?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री तथा